प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
28.05.2026/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे

मुख्य समाचार''

- प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के दूसरे चरण के चुनाव में बम्पर वोटिंग–80 प्रतिशत रहा मतदान।
- कुल्लू की लग घाटी में वोट डालकर लौट रही महिलाओं का वाहन दुर्घटना ग्रस्त–तीन की मौत।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा विभाग को राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना में तेजी लाने के दिए निर्देश।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोगों से साझा करेंगे अपने विचार।
- प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी–बादल छाए रहने से तापमान में हल्की गिरावट–आज से मौसम बदलने की संभावना।

मतदान प्रतिशत

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के दूसरे चरण का चुनाव आज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस दौरान बम्पर वोटिंग हुई और मतदान 80 प्रतिशत रहा। प्रदेश में अब तक हुए पंचायतीराज चुनावों में ये सर्वाधिक मतदान है। दूसरे चरण के तहत प्रदेश की कुल एक हजार 2 सौ 79 पंचायतों में वोट डाले गए। पंचायत प्रधान, उप–प्रधान व वार्ड सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती जारी है और आज रात तक सभी नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। दूसरे चरण में कुल्लू जिला में सर्वाधिक 86 प्रतिशत, सिरमौर जिले में 85 प्रतिशत, सोलन जिला में 84, ऊना जिला में 80, कांगड़ा व किन्नौर जिला में 76, लाहौल स्पिति में 69, हमीरपुर में 75, बिलासपुर में 79, चंबा 78 और मंडी व शिमला जिला में 81 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदाता

इस बीच पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज हुए मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। खासकर बुजुर्ग मतदाताओं और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में जोरदार उत्साह दिखाया। शिमला जिले के रोहड़ू विकास खंड की ब्रासली पंचायत की एक सौ 10 वर्षीय सुरतु देवी, बिलासपुर जिला की कसारू पंचायत की एक सौ 8 वर्षीय रूपा देवी दकड़ी पंचायत की एक सौ 7 वर्षीय मनभंरू देवी, रोहड़ू क्षेत्र की दीयूदी मायला पंचायत की एक सौ 7 वर्षीय बालादेई, बिलासपुर जिला की हरनोड़ा पंचायत के एक सौ 6 वर्षीय संतराम, नुरपूर विकास खंड की पंजहड़ा पंचायत के एक सौ 5 वर्षीय बाबूराम, बिलासपुर की बल्हसीणा पंचायत की सौ वर्षीय नरैण देई और शिमला जिला की कोहलू जुबड पंचायत की 98 वर्षीय चम्मी देवी

स्वयं मतदान केंद्र पर मतदान के लिए पहुंची। आज मतदान करने वाले प्रमुख नेताओं में पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और सुरेश कश्यप ने भी अपने–अपने चुनाव क्षेत्रों में पंचायतीराज संस्थाओं के लिए वोट डाले। पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी मतदान में महिलाओं की भागीदारी अधिक रही।

<u>तीसरा चरण</u>

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के लिए 30 मई को होने वाले मतदान के लिए सक्रिय चुनाव प्रचार आज दोपहर तीन बजे समाप्त हो गया। इसके बाद अब उम्मीदावार घर–घर जाकर व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं से वोट मांग कर अपनी–अपनी जीत पक्की करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश में तीसरे चरण में एक हजार एक सौ 87 पंचायतों में प्रधान, उप प्रधान और सरपंचों का चयन होगा। इस दौरान इन पंचायतों में जिला परिषद और पंचायत समिति के सदस्यों के लिए भी वोट डाले जाएंगे। जिला परिषद पंचायत समितियों और चार नगर निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला के वोटों की गिनती 31 मई को होगी और इसी दिन चुनाव परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

<u>दुर्घटना</u>

कुल्लू जिला की लग घाटी की बढ़ई–बाग–पीज सड़क पर आज एक टैक्सी वाहन के गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से तीन महिलाओं की मौत हो गई और 9 अन्य घायल हो गए। घायलों में एक बच्चा और वाहन चालक शामिल है। ये लोग पंचायत चुनाव में वोट डालने के बाद शिरड़ मेला देखने जा रहे थे। घायलों को कुल्लू के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। तीनों मृतक महिलाएं एक ही गांव बेधर की रहने वाली हैं।

<u>जयराम ठाकुर</u>

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि पंचायतीराज चुनावों में अपनी हार देख कांग्रेस पार्टी मैदान छोड़कर भाग गई है। मंडी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पंचायत चुनावों से इस लिए दूरी बना ली क्योंकि उसे पहले ही अपनी हार का आभास हो गया था। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को झूठ के सहारे जनता के वोट हासिल करने की आदत पड़ गई है, लेकिन इस बार जनता ने कांग्रेस को आईना दिखा दिया। उन्होंने कहा कि इस बार भी मुख्यमंत्री ने चुनाव आचार संहिता का उल्लघन कर लोगों को लुभाने का प्रयास किया लेकिन अब जनता कांग्रेस की चालाकी को समझ चुकी है।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा विभाग को राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने शिमला में कहा कि सरकार प्रत्येक विधानसभा में कम से कम एक ऐसा स्कूल स्थापित करने का प्रयास कर रही है जिससे दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। इन स्कूलों में प्री प्राईमरी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक

समग्र शिक्षा प्रदान की जाएगी और इनमें स्मार्ट कक्षाएं, खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, स्विमिंगपूल और अन्य आधुनिक सुविधाओं सहित आधारभूत ढांचा उपलब्ध करवाया जाएगा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महीने के आखिरी रविवार यानि 31 मई को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

भाजपा

प्रदेश भाजपा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा एक बार फिर आदर्श चुनाव आचार संहिता का कथित उल्लंघन करने पर चुनाव आयोग से उनकी शिकायत की है। भाजपा मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने राज्य के मुख्य निर्वाचन आयोग को भेजी शिकायत में कहा है कि मुख्यमंत्री ने 27 मई को शिमला जिला के नेरवा में स्कूल के लिए 5 करोड़ रूपए की लागत से भवन निर्माण की घोषणा कर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया है।

उत्सव

तिब्बती धर्म गुरू दलाई लामा के 90वें जन्म दिन को समर्पित तीन दिवसीय तिब्बती सांस्कृतिक उत्सव आज धर्मशाला में आरंभ हुआ। इस मौके पर निर्वासित तिब्बत सरकार के राष्ट्रपति पेंपा सेरिंग ने कहा कि इस सांस्कृतिक उत्सव का उद्देश्य भारत के लोगों को तिब्बत के इतिहास, सस्कृति और उसके भू–राजनीतिक महत्व से अवगत करवाना है। ....बाईट...पेंपा सेरिंग....

धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने तिब्बती सांस्कृतिक उत्सव को भारत और तिब्बत की संस्कृति के संगम का प्रतीक बताया। ....बाईट....सुधीर शर्मा.....

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौरा जारी है। खास कर राज्य के मैदानी जिलों ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगडा, सोलन और सिरमौर के अलग–अलग स्थानों पर लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि राज्य में आज कुछ स्थानों पर सुबह से ही हल्के बादल छाए रहने से तापमान में कुछ कमी आई है। मौसम विभाग ने आज राज्य के तीन जिलों कुल्लू, मंडी और शिमला में अलग–अलग स्थानों पर ओला वृष्टि, अंधड़, आसमानी बिजली गिरने और 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक की रफ्तार से आंधी तूफान चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने सात जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, सोलन और सिरमौर में भी कुछ स्थानों पर अंधड़, आसमानी बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटें की रफ्तार से आंधी तूफान चलने का येला अलर्ट जारी किया है।

ईद

ईद–उल–अजहा यानी बकरीद का पर्व आज प्रदेश भर में उत्साह पूर्वक और भाई चारे के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाहों में जाकर ईद की नमाज अता की और एक दूसरे को मुबारकबाद दी। इस दौरान लोगों ने अमन, शांति और खुशहाली की दुआ भी मांगी। राजधानी शिमला में ईद की मुख्य नमाज ईदगाह मैदान में अता की गई। चंबा में भी ऐतिहासिक चौगान नम्बर पांच में ईद की नमाज अता की गई इस मौके पर जहां छोटे–छोटे बच्चे नई पोशाकों में उत्साहित नजर आए वहीं बुजुर्गों ने भी उत्साह के साथ नमाज में भाग लिया।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के दूसरे चरण के चुनाव में बम्पर वोटिंग–80 प्रतिशत रहा मतदान।
- कुल्लू की लग घाटी में वोट डालकर लौट रही महिलाओं का वाहन दुर्घटना ग्रस्त–तीन की मौत।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा विभाग को राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना में तेजी लाने के दिए निर्देश।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोगों से साझा करेंगे अपने विचार।
- प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी–बादल छाए रहने से तापमान में हल्की गिरावट–आज से मौसम बदलने की संभावना।